ont>

13.11 hrs.

MATTERS UNDER RULE 377*

MR. SPEAKER: Matters under Rule 377, listed for the day, be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to construct road bridges over Budhi Gandak river at Pipar Pati and Janrawa ghats in Bihar. − Laid.

डॉ0 मदन प्रसाद जायसवाल (बेतिया) : अध्यक्ष महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र को बूढ़ी गंडक नदी दो भागों में बांट देती है। दोनों तरफ से गांवों के लोगों को अपने रोजगारों पर जाने एवं व्यापार करने के लिए सुविधापूर्वक रास्ता नहीं है। यहां के ग्रामीण लोगों की आय बहुत कम है एवं रोजगार के अवसर कम हैं। अगर बूढ़ी गंडक नदी के पिपर पाटी घाट एवं जनरवा घाट पर दो पुल सुड़क ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा बना दी जाये तो इस नदी के चारों तरफ के गांवों को जोड़ने में सहायता मिलेगी और ग्रामीण लोगों को रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे ग्रामीण विकास करने में बहुत सहायता मिलेगी।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इस नदी के उपरोक्त घाटों पर सड़क पुल का निर्माण करवाने की कृपा करें।

---

* Treated as laid on the Table.